समाचार

महापौर ने किया वार्ड क्र. 07 व 21 का दौरा

(विभिन्न समस्याओं से हुए रूबरू, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 23 दिसम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा की विभिन्न बस्तियों के साथ–साथ वार्ड क्र. 21 बुधवारी बस्ती का दौरा कर पैदल भ्रमण किया, वहां की विभिन्न समस्याओं से रूबरू हुए तथा सड़क, नाली, तालाब, आदि से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर व सुखसागर निर्मलकर, पार्षद संतोष लांझेकर, एल्डरमेन बच्चू मखवानी एवं एस.मूर्ति के साथ निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

महापौर श्री प्रसाद ने आज कोरबा पुराने शहर स्थित वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा कुष्ठ आश्रम पोखरीपारा सहित अन्य मोहल्लों का पैदल भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कई स्थानों पर टूटी नालियों एवं नालियों की जीर्ण–शीर्ण स्थिति का निरीक्षण करते हुए उन्होने आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कर नालियों को दुरूस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि नालियों में पानी का बहाव सुचारू रूप से हो तथा नालियों में जाम की स्थिति निर्मित न हों। पोखरीपारा बस्ती में बस्ती की खराब हो चुकी आंतरिक सड़क का मरम्मत करने के साथ ही वहां पर स्थित तालाब की सफाई के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने अभियंताओं को निर्देशित किया। मोतीसागरपारा बस्ती की कुछ सकरी गलियों में नालियां न होने तथा सड़क के बीच से पानी बहने की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होने नालियों के निर्माण के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा, साथ ही बस्तीवासियों से आग्रह किया कि चूंकि नाली निर्माण हेतु जगह की कमी है, अतः बस्तीवासी इसमें अपना सहयोग दें, ताकि बस्ती की यह समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो सके। महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 21 बुधवारी कदम रोड का पैदल भ्रमण करते हुए वहां की समस्याओं का जायजा लिया, बस्ती में स्थित नाली के अवरूद्ध होने, पानी का बहाव रूकने तथा पानी सड़क पर भरने की समस्या को देखते हुए उन्होने नाली में पैदा हो रहे अवरोध को तत्काल दूर करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस

मौके पर उन्होने बस्तीवासियों से भेंट की उनकी अन्य छुट–पुट समस्याओं पर चर्चा की तथा समस्याओं को दूर करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।